**अहंकार** — पीड़ित के शरीर पर उभरे बेल्ट के निशान सत्ताधारियों के सुशासन की पोल खोल रहे, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल

# भाजपा नेता की दबंगई, युवक को घर बुलाकर बेल्ट से पीटा



**नवभारत उमरिया 29 अप्रैल।** जिले के नौरोजाबाद में सत्ता की हनक और पद का अहंकार इस कदर सिर चढकर बोल रहा है कि अब रसूखदार लोग आम जनता को कीड़े-मकौड़े समझने लगे हैं।

ताजा मामला नौरोजाबाद का है, जहां भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित गुप्ता पर एक स्थानीय युवक अतुल सोनी को घर बुलाकर जानवरों की तरह बेदम पिटाई करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित के शरीर पर उभरे बेल्ट के निशान सत्ताधारियों के उस सुशासन की पोल खोल रहे हैं, जिसका ढिंढोरा पीटा जाता है।

### गलती से लग गया फोन, बदले में मिली बर्बरता

घटना की पृष्ठभूमि किसी को भी झकझोर कर रख देने वाली है। बीती 25 अप्रैल की रात फरियादी अतुल सोनी के घर में मांगलिक कार्यक्रम चल रहा था। रात करीब 12-30 बजे अचानक बिजली गुल हो गई। शादी वाले घर में अंधेरा होने से परेशान अतुल ने आनन-फानन में बिजली विभाग के सब-स्टेशन को फोन लगाना चाहा, लेकिन बदकिस्मती से नंबर भाजपा नेता अमित गुप्ता को लग गया। अतुल ने बिजली बंद होने पर अपनी स्वाभाविक नाराजगी जाहिर की, जो भाजपा नेता को नागवार गुजरी।

### विधायक का आदमी हूं, कोई क्या बिगाड़ लेगा

आरोप है कि मंडल उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने फोन पर विवाद के बाद अतुल को अपने पास बुलाया। जैसे ही युवक वहां पहुंचा, नेता का चेहरा बेनकाब हो गया। आरोप है कि अमित गुप्ता ने उसे घर के भीतर ले जाकर बेल्ट से इस कदर पीटा कि युवक की खाल उधड़ गई। युवक जान बचाने की भीख मांगता रहा, लेकिन सत्ता के मद में चूर नेता का दिल नहीं पसीजा।

### एक मित्र ने बीच-बचाव कर अतुल को वहां से निकाला

गनीमत रही कि एक मित्र ने बीच-बचाव कर अतुल को वहां से निकाला, वरना कोई अनहोनी हो सकती थी। पीड़ित का आरोप है कि पिटाई के दौरान आरोपी बार-बार धमकी दे रहा था कि वह भाजपा का अध्यक्ष है और विधायक का खास आदमी है। उसने साफ लफ्जों में कहा कि तू कहीं भी शिकायत कर ले, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

### वीडियो वायरल, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

लहूलुहान और चोटों से कराहते हुए पीड़ित अतुल सोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर अपनी आपबीती सुनाई है। वीडियो में युवक की पीठ और शरीर पर बेल्ट के नीले निशान साफ देखे जा सकते हैं, जो भाजपा नेता की क्रूरता की गवाही दे रहे हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी अमित गुप्ता के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### बचाव में भाजपा नेता का लचर तर्क

मामले में जब आरोपी अमित गुप्ता से पक्ष लिया गया, तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज करते हुए हास्यास्पद तर्क दिया। अमित गुप्ता का कहना है कि युवक नशे में उनकी दुकान पर सिगरेट-गुटखा मांगने आया था और धक्का-मुक्की के दौरान उसने खुद को खुद ही चोट पहुंचा ली। हालांकि, शरीर पर बेल्ट के निशान खुद को खुद ही मार लेने वाली थ्योरी पर बड़े सवाल खड़े करते हैं।

### क्षेत्र में आक्रोश, क्या होगा एक्शन

नौरोजाबाद में इस घटना को लेकर भारी जनाक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्या भाजपा का पदाधिकारी होने का मतलब कानून को हाथ में लेना है? क्या विधायक का संरक्षण किसी को गुंडागर्दी करने का लाइसेंस दे देता है? अब देखना यह है कि प्रशासन इस रसूखदार हमलावर पर सख्त कार्रवाई करता है या सत्ता के दबाव में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

**इनका कहना है**

फरियादी की शिकायत पर हमने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अब अग्रिम कार्रवाई विवेचना के दौरान होगी।

**बालेन्द्र शर्मा, थाना प्रभारी नौरोजाबाद**

# अनियमित जलापूर्ति से जूझ रहे शहपुरा के नागरिक

एक दिन छोड़कर भी नहीं मिल रहा पानी, लोगों की दिनचर्या हो रही प्रभावित





**शहपुरा नवभारत 29 अप्रैल।** भीषण गर्मी के बीच शहपुरा नगर में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड 15 तक के रहवासी अनियमित जल आपूर्ति से परेशान हैं।

नगर परिषद द्वारा तय शेड्यूल के अनुसार एक दिन छोड़कर एक दिन पानी दिया जाना चाहिए, लेकिन हकीकत इससे अलग है। कभी बीच में ही सप्लाई बाधित हो जाती है तो कभी 2 से 3 दिन बाद नलों में पानी आता है, जिससे लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। अप्रैल की तेज गर्मी में पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, लेकिन ऐसे समय में ही नगरवासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

### परिवार पानी संग्रह करने को मजबूर

हालात यह हैं कि पीने, नहाने और घरेलू उपयोग के लिए भी लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। कई परिवार पानी संग्रह करने को मजबूर हैं, वहीं कुछ लोग निजी टैंकरों से पानी मंगवाकर अतिरिक्त खर्च उठा रहे हैं। गर्मी के कारण छोटे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कूलर चलाने के लिए भी पानी पर्याप्त नहीं मिल पा रहा, जिससे लोगों को गर्मी में राहत नहीं मिल रही है।

### बिलगड़ा बांध से पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही : जल प्रभारी

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। वहीं, जल प्रभारी का कहना है कि लो वोल्टेज और मेंटेनेंस कार्य के चलते बिलगड़ा बांध से पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है, जिसके कारण नगर में जल संकट की स्थिति बनी हुई है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान किया जाए और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि बढ़ती गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि का सिंगल क्लिक से हुआ वितरण

**डिंडौरी, नवभारत 29 अप्रैल।** मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में भोपाल स्थित कक्ष से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि का वितरण किया गया।

जानकारी के अनुसार माह मार्च एवं अप्रैल 2026 की पेंशन राशि एक साथ हितग्राहियों के खातों में अंतरित की गई। प्रदेश के 33 लाख से अधिक हितग्राहियों को लगभग 200.71 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी की गई। इसी के अंतर्गत डिंडौरी जिले के 21,646 पेंशनरों व दिव्यांगजनों को 1,29,87,600 रूपए सिंगल क्लिक के माध्यम से सभी के खाते में जमा किया गया।

# साले और जीजा के बीच दुकान में विवाद, मारपीट

पुलिस चौकी पहुंचा मामला, की गई शिकायत



**अमरपुर नवभारत 29 अप्रैल।** पुलिस चौकी अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौरा रैयत ग्राम पंचायत भाखा माल में जीजा और साले का विवाद सामने आया है। जीजा ने साले की दुकान में पहुंचकर मारपीट की। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौरा रैयत ग्राम पंचायत भाखा माल निवासी कृष्णा कन्हैया ठाकुर ने पुलिस चौकी अमरपुर में 27 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई कि मेरी बड़ी बहन शांति बाई का विवाह लाल सिंह ठाकुर के साथ 12 वर्ष पूर्व हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद जीजा लाल सिंह ठाकुर द्वारा बहन शांति बाई को शराब पीकर मारता पीटता हैं, जिससे मेरे माता पिता सहित मेरा पूरा परिवार परेशान हैं।

**बहन के साथ मारपीट करता है जीजा**-मुझे विगत 19 अप्रैल रविवार को लगभग 11 बजे फोन से जानकारी मिली कि बहन को जीजा लाल सिंह ठाकुर ने मारपीट कर खून से लथपथ कर दिया हैं। मैं जब ग्राम कोकोमटा गया और देखा तो बहन खून से लथपथ थी। इसकी शिकायत मेरी बहन और मैंने समनापुर थाना में दर्ज की हैं। शिकायत उपरांत मेरा जीजा आक्रोश में आकर मुझे जान से मारने की लगातार धमकी दे रहा हैं। कभी भी मेरे या मेरे परिवार के साथ अप्रिय घटना घट सकती हैं।

**कानूनी कार्यवाही की मांग की**-आवेदक द्वारा घटना से पहले कानूनी कार्यवाही का मांग की गई हैं। साथ ही बताया कि ग्राम कोकोमटा में मेरा ससुराल होने के कारण मेरा आना जाना रहता हैं। मेरा जीजा शराब पीने का आदी हैं। यदि समय में कोई कार्यवाही नहीं होती तो मेरे दुकान एवं रास्ते में कही भी मेरा या मेरे परिवार के साथ कोई भी घटना हो सकती हैं, जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी शासन प्रशासन की होगी।

**शिकायत के बावजूद नहीं की कार्यवाही**-शिकायत के बाबजूद अब तक कोई कठोर कार्यवाही नहीं होने के कारण लाल सिंह ठाकुर का हौसला बुलंद होते जा रहा हैं। विगत दिवस साप्ताहिक बाजार को लालसिंह ठाकुर मेरे दुकान में आकर गाली गलौज व मारपीट की। मौके में उपस्थित लोगों ने बीच-बचाव कर लाल सिंह ठाकुर को भगाया गया। इस तरह से लाल सिंह ठाकुर से खतरा बढ़ते जा रहा हैं। आवेदक की मांग हैं कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएं।



# एक ही फ्रेम में दिखे बाघ व मोर

**चिल्हारी नवभारत 29 अप्रैल।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व मे भारत के राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय पक्षी मोर एक ही फ्रेम में नजर आ रहे हैं। यह नजारा न केवल वन्यजीव प्रेमियों के लिए खास है, बल्कि प्रकृति की अनोखी संतुलन व्यवस्था को भी दर्शाता है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला जोन का है, जो अपनी समृद्ध जैव विविधता और बाघों की सक्रियता के लिए जाना जाता है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक बाघ बेहद शांत अंदाज में जंगल के रास्ते पर टहलता हुआ नजर आ रहा है। वहीं, कुछ दूरी पर एक मोर भी बेफिक्र होकर घूमता दिखाई देता है।

### पर्यटकों ने बनाया वीडियो

इसका वीडियो पर्यटकों ने बनाया है, जो अब सोशल मीडिया मे तेजी से वायरल हो रहा है और वन्यजीव प्रेमियों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। बाघ और मोर का एक साथ इस तरह दिखना बेहद दुर्लभ माना जा रहा है, क्योंकि आमतौर पर जंगली जानवर एक-दूसरे से दूरी बनाए रखते हैं।

# किसानों की समस्या का प्रशासन करें जल्द निराकरण

आम आदमी पार्टी ने किया गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण



**शहपुरा नवभारत 29 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी (आप) की जिला इकाई ने किसानों की समस्याओं को लेकर शहपुरा स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने किसानों से संवाद कर उनकी जमीनी समस्याओं को सुना और खरीदी की धीमी रफ्तार पर चिंता व्यक्त की। स्लॉट बुकिंग बनी किसानों की बड़ी मुसीबत निरीक्षण के दौरान किसानों ने सबसे बड़ी समस्या स्लॉट बुकिंग को लेकर बताई। किसानों का कहना है कि तकनीकी दिक्कतों और स्लॉट उपलब्ध न होने के कारण वे अपनी उपज समय पर केंद्र तक नहीं ला पा रहे हैं। कई किसान दिनों से पोर्टल खुलने का इंतजार कर रहे हैं, जिससे उनकी फसल कटने के बाद भी खेतों या घरों में असुरक्षित रखी है।

केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहपुरा उपार्जन केंद्र में अब तक कुल 804 किसानों का पंजीयन हुआ है। हालांकि, बीते 15 दिनों में केवल 4500 क्विंटल गेहूं की ही खरीदी हो सकी है। पंजीयन की संख्या और खरीदी की रफ्तार के बीच का यह बड़ा अंतर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। यदि यही गति रही, तो मानसून आने से पहले सभी पंजीकृत किसानों का गेहूं तुला पाना असंभव नजर आ रहा है।



# हिंदू-मुस्लिम एकता मंच ने नवागत कलेक्टर से की मुलाकात

**नवभारत उमरिया।** हिंदू-मुस्लिम एकता मंच के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर राखी सहाय के उमरिया जिला में पदस्थापना पर मुलाकात की और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी एवं हिंदू-मुस्लिम एकता मंच के कार्यों एवं विचारधारा से अवगत कराया।

हिंदू-मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक असलम शेर ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता मंच सर्व धर्म संप्रदाय एवं सामाजिक कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संयोजक राजेन्द्र कोल ने कलेक्टर को हिंदू-मुस्लिम एकता मंच द्वारा समाज के लिए किए गए विभिन्न कार्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर अल्ताफ खान, कृष्णकांत तिवारी, कन्हैया कुमार, मो. कासिम आदि उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन की नल-जल योजना का लाभ दिलाया जाए

जनसुनवाई में कलेक्टर ने दिए समस्याओं के निराकरण के निर्देश



**उमरिया।** जिले में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर राखी सहाय ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे कुल 56 आवेदकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

**नक्शा तरमीम कराने का दिया आवेदन**-जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाई। ग्राम कुड़ी के राम निरंजन द्विवेदी ने रास्ता खुलवाने की मांग रखी, वहीं ग्राम बड़वाही के रमेश चर्मकार, दिनेश और कमलेश ने नाली निर्माण की आवश्यकता बताई। इंदवार निवासी नत्थूलाल विश्वकर्मा ने नक्शा तरमीम कराने का आवेदन दिया।

**नल-जल योजना का लाभ दिलाने की मांग**-ग्राम पटपरा के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजना का लाभ दिलाने की मांग उठाई, जबकि मानपुर तहसील के राम प्रसाद ने दस्तावेज की नकल दिलाने की गुहार लगाई। खोलखम्हरा के लंबू बैगा ने विकलांगता पेंशन, तखतपुर के राजकुमार कोल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इसके अलावा संदीप पटेल और स्वर्गीय मो. मनीष पटेल के परिजनों ने दिसंबर 2025 से लंबित वेतन भुगतान का मुद्दा उठाया।



# चना उपार्जन में किसानों को हो रही परेशानी

जिम्मेदार तकनीकी खामियों का दे रहे हवाला

**चिल्हारी नवभारत 29 अप्रैल।** जिले के किसानो को उपार्जन सत्र 2026-27 मे गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई कई दिनों से अपना चना लेकर मंडी पहुंचे किसान सर्वर ठप रहने के कारण परेशान हो रहे है, जिससे एंट्री भी नहीं हो पा रही है।

इस दौरान किसानों के अनाज तौल के बाद आगे की प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। किसानों का कहना है कि कई दिनों से वे केंद्र के चक्कर काट रहे हैं। किराया आदि लगाकर मंडी पहुंचते है, पर जिम्मेदार तकनीकी खामियों का हवाला दे रहे है, जिससे उपज का पंजीयन और भुगतान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान और मानसिक परेशानी दोनों झेलनी पड़ रही हैं।

### केंद्रों पर अव्यवस्था का माहौल

स्थिति यह है कि अनाज की तुलाई होने के बावजूद आगे की कार्रवाई नहीं हो पा रही, जिससे केंद्रों पर अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। मामले को लेकर किसानों ने कलेक्टर को आवेदन देकर समस्या निराकरण करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

**अभाव** — प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की मांग तेज, स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

# 15 हजार की आबादी बेहाल, झोलाछाप के भरोसे इलाज




**चिल्हारी नवभारत 29 अप्रैल।** जिला उमरिया की मानपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हारी में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। लगभग 15 हजार से अधिक की आबादी वाले इस बड़े गांव में आज तक समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। स्थिति यह है कि ग्रामीण मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने को विवश हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में न तो पर्याप्त सरकारी स्वास्थ्य केंद्र है और न ही योग्य डॉक्टरों की नियमित उपलब्धता। छोटी से छोटी बीमारी के लिए भी लोगों को दूर स्थित अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर इलाज न मिलने के कारण मरीजों की जान पर भी बन आती है।

### गलत इलाज का खतरा बना रहता है

स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला बढ़ गया है, जो बिना किसी प्रमाणित डिग्री के इलाज कर रहे हैं। इससे गलत इलाज का खतरा बना रहता है और कई बार मरीजों की हालत और गंभीर हो जाती है। ग्राम के निवासी अन्य ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत चिल्हारी में जल्द से जल्द एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और बेहतर इलाज मिल सके।

### ग्रामीणों ने लगाया वादा खिलाफी का आरोप

चिल्हारी एवं चिल्हारी क्षेत्र की जनता ने कहा कि लगभग कई वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग सांसद हिमाद्री सिंह एवं विधायक मीना सिंह से की हैं। उन्होंने आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। क्षेत्रीय जनता स्वास्थ्य के नाम पर ठगा सा महसूस कर रही है। ग्रामीणों ने कहा अगर जनप्रतिनिधि समस्या का समाधान नहीं करते और हमारी मांगे जल्द पूरी नहीं होती है तो हम सड़क पर उतरकर वादा खिलाफी पर आंदोलन करेंगे।



# अवैध रूप से भंडारित देशी और विदेशी शराब की गई जब्त

**चिल्हारी नवभारत 29 अप्रैल।** नंदीलाल एवं संतराम, बकेली उमरिया में आरोपिया रामलली चौधरी एवं रागिनी रजक, सिगुड़ी में सत्येन्द्र पटेल परासी से लल्लू सिंह तथा ग्राम दमोय में आरोपियों नीता प्रजापति एवं प्रेम बाई के कब्जे से अवैध मदिरा जब्त की गयी।

अवैध शराब के विरूद्ध सतत् अभियान अभियान चलाए जाने के निर्देश कलेक्टर राखी सहाय द्वारा आबकारी विभाग को दिए गए है। निर्देश के परिपालन में जिला आबकारी अधिकारी उमरिया सावित्री भगत के मार्गदर्शन में मदिरा के अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान अमरपुर हाइवे स्थित भाई ढाबा के संचालक जहीर खान के कब्जे से देशी व विदेशी मदिरा, रामखेलावन जायसवाल बचहा, ग्राम सेमरा इसी प्रकार वृत्त उमरिया अन्तर्गत सिंह ढ़ाबा संचालक आकाश कुकरेजा, गगन ढाबा विपिन गुप्ता, कौशल यादव के कब्जे से अवैध मदिरा जब्त की गई।


**कार्यालय नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**

Email-emodidori@mpurban.gov.in Contact No.

एनआईटी क्र./ / लो.नि.शा./2026/ 1068 डिण्डौरी, दिनांक :- 29/04/2026

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु म.प्र.शासन UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021 से प्रभावशील ISSR पर कम/अधिक प्रतिशत के आधार पर केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली या सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा दिनांक 14/05 /2026 समय 17 .00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| ई-टेंडर क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत एवं ISSR (लाख में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रुपए में) | सक्षम पंजी श्रेणी | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_503928_1 | नगर परिषद डिण्डौरी अंतर्गत पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत सामग्री प्रदाय कार्य। | 1000000.00 UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021 | 20000.00 | 2000.00 | Centralized Registration system on PWD | वित्तीय वर्ष 2026-27 |
| 2026_UAD_504010_1 | जल प्रदाय सामग्री आपूर्ति, कार्य। | 1000000.00 UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021 | 20000.00 | 2000.00 | Centralized Registration system on PWD | वित्तीय वर्ष 2026-27 |
| 2026_UAD_504035_1 | बिल्डिंग मटेरियल आपूर्ति, कार्य। | 1000000.00 UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021 | 20000.00 | 2000.00 | Centralized Registration system on PWD | वित्तीय वर्ष 2026-27 |
| 2026_UAD_504051_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 के जल प्रदाय के लिए एलम, ब्लीचिंग पाउडर, चूना आपूर्ति, कार्य। | 2000000.00 UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021 | 40000.00 | 2000.00 | Centralized Registration system on PWD | वित्तीय वर्ष 2026-27 |

शर्त-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**श्रीमती सुनीता अशोक सारस**, अध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी
**श्रीमती सारिका मंटू नायक**, उपाध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी
**श्री रीतेश जैन**, लोक निर्माण सभापति, नगर परिषद डिण्डौरी
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**, नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)